मिर्जापुर में पीतल कारीगरों के लिए फैसिलिटी सेंटर बनेगा

सौगात

- गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ से विंध्याचल होते वाराणसी तक बढ़ाया जाएगा
- सरकार के आठ वर्ष पूरा होने पर महुअरिया में कार्यक्रम हुआ

मिर्जापुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणाओं से पीतल उद्योग के कारीगरों और ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के दिन बहुरेंगे। उन्होंने गुरुवार को ऐलान किया कि पीतल उद्योग के कारीगरों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए फैसिलिटी सेंटर बनेगा। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट नगर भी बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर महुअरिया स्थित बीएलजे इंटर कॉलेज में आयोजित समापन समारोह में उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकार बनती है तब अच्छी परियोजनाएं आती हैं। सीएम ने लगभग पांच सौ करोड़ रुपये की 138 परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया। लोकार्पित परियोजनाओं की लागत 198.65 करोड़ रुपये है, जबकि 299.60 करोड़ की परियोजनाओं की नींव रखी गई।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली, विधायकगण रत्नाकर मिश्र, विधायक अनुराग सिंह, रमाशंकर पटेल, सुचिस्मिता मौर्य और रिंकी कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, जिला प्रभारी सरोज कुशवाहा, अपना दल (एस) के अध्यक्ष रामलौटन बिंद मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने की।

मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन, कॉरिडोर का जायजा

विंध्याचल (मिर्जापुर)। मुख्यमंत्री ने गर्भगृह में पहुंचकर मां विंध्यवासिनी का विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने विंध्य कॉरिडोर का जायजा लिया। सीएम ने डीएम प्रियंका निरंजन को विंध्य कॉरिडोर के बाकी काम जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। बचे काम में स्टेशन रोड से पुरानी वीआईपी मार्ग का चौड़ीकरण प्रमुख है। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र और धीरज मिश्र मौजूद रहे।